Best Selling BLOG and MAGAZINE Theme of All Time
Experience the change!

अग्रवाल महाविद्यालय में लगा विशाल रक्तदान शिविर

By **Shreyash Panchal** April 27, 2022

5 0

फरीदाबाद,जनतंत्र टुडे

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के दोनों संभागों में दिनांक 27 अप्रैल 2022 को रोटरी क्लब ऑफ़ फरीदाबाद ईस्ट व भारतीय चिकित्सक संघ फ़रीदाबाद के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। "**रक्तदान करें, जीवन बचाएं**" कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीपशिखा प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ किया गया ।इस कार्यक्रम की शुरुआत शिविर के संरक्षक व आयोजक डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी के स्वागत भाषण से हुई जिसमे उन्होने कहा कि रक्तदान शिविर शुरू से ही महाविद्यालय की एक नियमित विशेषता रही है। उनका कहना था वही लोग खामोश रहते हैं, जमाने मेंजिनके कर्म बोलते हैं। उन्होंने महाविद्यालय की उपलब्धियों और उल्लेखनीय गतिविधियों का विस्तृत विवरण दिया। उन्होंने इस शिविर के आयोजन में अथक प्रयास करने वाले वाई. आर. सी., आर. आर. सी., एन.एस. एस. और एन. सी.सी. के सभी आयोजकों और प्रभारियों को शुभकामनाएं दीं ।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री जितेंद्र यादव, (IAS), जिला उपायुक्त, फरीदाबाद रहे। उन्होंने अपने सम्भाषण में कहा कि समाज में असली हीरो वे ही हैं जो दूसरों के लिए रक्तदान करते हैं और इस शिविर के आयोजन पर बधाई दी ।उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुएअधिक से अधिक मात्रा में रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया और कहा किकिसी भी अच्छे कार्य की शुरुआत अपने घर से होती है। लोग बदलेंगे, समाज बदलेगा और देश बदलेगा। सेवा करने से ही मेवा प्राप्त होती है। छात्र छात्राओं को अच्छे कर्म करने के लिए प्रोत्साहित किया ।उनके वक्तव्य में कहा गया कि शैक्षणिक संस्थान ईंट,पत्थरों से बने भवनों से शोभायमान नहीं होते, उनकी शोभा विद्यार्थियों और शिक्षक वर्ग से होती है। उनके द्वारा उच्च विचारों से सामाजिक परिवर्तन व देश परिवर्तन की बात कही गयी। डॉ. वासुदेव गुप्ता, समाजवादी और उपाध्यक्ष, अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा बल्लबगढ़ ने विशाल रकदान शिविर कार्यक्रम की प्रशंसा की। उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुए युवाओं को रक्तदान करने की सलाह दी। इस अवसर पर मनीष नरवाल, अंतर्राष्ट्रीय पैरालम्पिक शूटर को एक लाख इक्यावन हज़ाररुपये देकर अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा द्वारा सम्मानित किया गया ।इस शिविर में योगदान करने वाले गणमान्य व्यक्तियों का भी आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. विनय गुप्ता, सी. एम० ओ०, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, फरीदाबाद रहे। उन्होंने अपने विचारों से अवगत करते हुए कहा कि हमें रक्तदान बार-बार करना चाहिए । यह शरीर के लिए बेहद जरुरी है ।रोटेरियन श्री एच. एल. भूटानी, जिला निदेशक, रक्तदान फरीदाबाद, रोटेरियन श्री तरुण गुप्ता, सनदी लेखाकार परियोजना प्रभारी, रोटेरियन श्री कुलवीर सचदेवा, माननीय सचिव रोटरी क्लब ऑफ़ फरीदाबाद ईस्ट, डॉ. दिनेश गुप्ता, अध्यक्ष, भारतीय चिकित्सक संघ, फरीदाबाद, डॉ. नवनी गर्ग, कोषाध्यक्ष, भारतीय चिकित्सक संघ, फरीदाबाद भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर रक्तदान के क्षेत्र में विशेष कार्य करने के लिए निम्न विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया गया जिनमे श्री जगजीत सिंह लांबा, डॉ. एम.पी. सिंह, श्री महेंद्र महतानी, डॉ. अरुण कुमार सिंघल, डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. प्रवीण गुप्ता,श्री विकास, श्री विमल खंडेलवाल,श्री संजय वाधवानी और श्री महेश थे ।इस रक्तदान शिविर का आयोजन डॉ. जयपाल सिंह, अध्यक्ष, वा. आर. सी. व डॉ. प्रवीण गुप्ता जी की देखरेख में किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से श्रीमती कमल टंडन, डॉ. के. एल. कौशिक, डॉ. मनोज शुक्ला, डॉ. नरेश कमरा, डॉ. अशोक निराला, डॉ. देवेन्द्र, श्री सुभाष और श्री मनमोहन सिंगला की अहम भूमिका रही। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्र छात्राओं को सामाजिक कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया गया। सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।विद्यार्थियों व शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक रक्दान किया। 288 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। छात्र छात्रों को प्रोत्साहन के रूप में उपहार, अल्पाहार, प्रमाण पत्र दिए गए। सभी के सहयोग से इस कार्यक्रम को सफल बनाया गया। कल्याण मंच के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ० जयपाल सिंह के द्वारा किया गया।